हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 2 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरा 5 हजार आक्रोशितों...



07 डीजे की धुन पर थिरके युवा, भगवान राम-सीता...



खबर संक्षेप

द्वारिकाधीश मंदिर में जन्माष्टमी पर होगा 3 दिवसीय भव्य आयोजन

विदिशा। किले अंदर स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का 3 दिवसीय प्राकट्य महोत्सव शुक्रवार 4 सितंबर से मनाया जाएगा। सुबह ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर स्वर्णजड़ित आभूषण धारण कराए जाएंगे। रात्रि 11:40 बजे पट बंद होंगे और रात 12 बजे हाथी घोड़ा पालकी-जय कन्हैयालाल के जयघोष के बीच भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य की घोषणा की जाएगी। पंडित मानस मिश्रा ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे पालना दर्शन और दोपहर 12 बजे नंद महोत्सव मनाया जाएगा। शाम 4 बजे दधिखाना उत्सव होगा। इसी दौरान द्वारिकाधीश मंदिर से सत्यनारायण एवं बालाजी मंदिर की मटकी फोड़ने की परंपरा भी निभाई जाएगी।

शिक्षा का उद्देश्य ही स्वावलंबन हैः अहिरवार

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 25 दिवसीय अल्पावधि स्वरोजगार प्रशिक्षण के तहत ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार एवं डॉ. विनिता प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. अहिरवार ने कहा कि हुनर और कौशल से आत्मनिर्भरता आती है। युवाओं को रोजगार और अर्थोपार्जन से जोड़ने में ऐसे प्रशिक्षण महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्राओं से प्रशिक्षण का लाभ लेकर रोजगार के अवसर तलाशने का आह्वान किया। डॉ. विनिता प्रजापति ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

नटेरन के 25 गांवों में 5 को लगेंगे शिविर

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत नटेरन जनपद पंचायत के दो क्लस्टरों के 25 गांवों में शनिवार 5 सितंबर को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार 4 सितंबर को जन्माष्टमी के अवकाश के कारण शिविर एक दिन आगे बढ़ाए गए हैं। सतपाड़ाहाट क्लस्टर के 12 तथा पमारिया क्लस्टर के 13 ग्रामों में शिविर लगेंगे। इनमें ग्रामीणों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। विभागों के अधिकारी कर्मचारी आवेदन प्राप्त करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई करेंगे।

डर के साए में शिक्षा 'ग्रहण'

खंडहर स्कूलों में बैठकर पढ़ रहे छात्र, दरारें तो कहीं छत का प्लास्टर गिरने का डर, ग्यारसपुर ब्लॉक में 80 स्कूलों की छत में दरार, टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा/ग्यारसपुर

सरकार भले ही शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और सरकारी स्कूलों में करोड़ों रुपए खर्च करने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बहुत जुदा है।

जिलेभर में 674 स्कूल भवनों में से खंडहर हो चुके 297 स्कूल भवनों को गिराने के लिए चिन्हित किया था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। कुछ ही स्कूल भवनों को गिराया जा सका है। शेष खंडहर स्कूल भवन हादसे के इंतजार में खड़े हैं। ग्यारसपुर जनपद शिक्षा केंद्र की बात करें तो संकुल हैदरगढ़ और धामनोद की कई प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की जमीनी हकीकत इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। कई स्कूलों के भवन जर्जर हालत में हैं। कहीं दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं तो कहीं छत से प्लास्टर गिर रहा है।

सबसे चिंताजनक स्थिति उन बच्चों की है, जो रोजाना जर्जर भवनों के बीच डर के साये में पढ़ने को मजबूर हैं। अभिभावकों को आशंका है कि बारिश या किसी अन्य परिस्थिति में भवन का कोई हिस्सा गिरकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्कूलों में पर्याप्त खेल मैदान और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का भी अभाव बताया जा रहा है।



बांसादेही माध्यमिक शाला



बांसादेही माध्यमिक शाला में 74 बच्चे दर्ज हैं। सातपाड़ा जौहरी माध्यमिक शाला में 43 और गौड़ीपुर माध्यमिक शाला में 53 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वहीं दासीपुर प्राथमिक शाला में 29 तथा पड़ारिया प्राथमिक शाला में 14 विद्यार्थी दर्ज हैं। यह सभी छात्र इन जर्जर स्कूलों में बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी जर्जर एवं भवनविहीन स्कूलों का तत्काल निरीक्षण कराकर उनकी स्थिति का तकनीकी परीक्षण कराया जाए। खतरनाक भवनों में कक्षाएं संचालित न कर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए तथा जहां भवन नहीं हैं, वहां शीघ्र नवीन स्कूल भवन स्वीकृत किए जाएं। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि इन स्कूलों की बदहाल तस्वीर बदलने के लिए कब गंभीर कदम उठाते हैं।

मरम्मत के लिए बजट आवंटित होने का इंतजार

शासन शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, स्मार्ट कक्षाएं, छात्रों को सुविधाएं उपलब्ध कराने योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए सुरक्षित स्कूल भवन तक नहीं हैं। इस संबंध में जब ग्यारसपुर बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 80 स्कूल ब्लॉक में ऐसे हैं जो क्षतिग्रस्त हैं, जिनमें पानी टपक रहा है। इन सभी क्षतिग्रस्त स्कूलों का निरक्षण कर प्रस्ताव तैयार कार्यालय भी दिया गया। जैसे ही बजट आवंटित होता है, स्कूलों की मरम्मत कराई जाएगी।

4 बच्चों को लेकर जनसुनवाई में पहुंचा पति, कलेक्ट्रेट में चूल्हा जलाकर बनाया खाना

पीड़ित पति ने अधिकारियों से लगाई गुहार...साहब मेरी पत्नी दिलवा दो

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। अशोकनगर जिले के मुंगावली क्षेत्र के बागरोद निवासी मुंशी खान अपने चार बच्चों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गया। यहां उसने अधिकारियों के सामने अपनी पत्नी को ससुराल पक्ष से वापस दिलाने की गुहार लगाई।

मुंशी खान ने अधिकारियों को दिए आवेदन में बताया कि उसकी शादी करीब 12 वर्ष पहले विदिशा जिले के कुरवाई-पठारी क्षेत्र के बड़ोह गांव में हुई थी। उसके चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां हैं। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी को उसके मायके पक्ष के लोग जबरदस्ती उसके और बच्चों के पास आने से रोक रहे हैं। मुंशी खान के मुताबिक उसने पत्नी को वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उसे धमकाते और डराते हैं। उसने अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी पत्नी को ससुराल पक्ष के लोगों के कथित दबाव से मुक्त कराकर उसके और बच्चों के पास वापस भेजा जाए।



प्रशासन ने पति और बच्चों को रोककर भोजन उपलब्ध कराया

विदिशा। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन देने आए मुंशी खान को समझाइश देते हुए अधिकारी।

बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट में ही बनाने लगा खाना

जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंचे मुंशी खान के साथ उसके चारों बच्चे भी थे। काफी देर तक कलेक्ट्रेट परिसर में रहने के दौरान उसने बच्चों के लिए वहीं चूल्हा जलाकर खाना बनाना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी लगने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने उसे ऐसा करने से रोका और बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था कराई। मुंशी खान का कहना है कि पत्नी के साथ नहीं होने के कारण चारों बच्चों की जिम्मेदारी उसी पर है और परिस्थितियों के चलते उसे बच्चों को साथ लेकर अधिकारियों के पास अपनी फरियाद लेकर आना पड़ा। जनसुनवाई में अधिकारियों ने मुंशी खान की शिकायत सुनी और मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि शिकायत की जांच के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

156 आवेदन प्राप्त, 75 का मौके पर निराकरण

मंगलवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में कुल 156 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 75 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 81 आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामाजिक न्याय, नगर पालिका, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं समस्याएं सामने आईं। कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को शेष आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। जनसुनवाई के दौरान जिन प्रकरणों का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निराकरण किया गया। प्रशासन का उद्देश्य जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर देना और उनका प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

2803 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए मिली राशि

35 विद्यार्थियों को भोपाल में सीएम के हाथों मिले चेक



छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मंगलवार को मेधावी छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि वितरित की गई। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि के चेक प्रदान किए। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विदिशा जिले से 35 विद्यार्थी भोपाल रवाना हुए थे।

शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 के परीक्षा परिणामों में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विदिशा जिले के 2803 विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। इन छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए निर्धारित राशि प्रदान की गई है। भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले के 35 चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार और उत्कृष्ट विद्यालय के व्याख्याता विजय श्रीवास्तव भी भोपाल पहुंचे। इसके अतिरिक्त, जिले में इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे अन्य पात्र विद्यार्थियों ने देखा। भोपाल में मुख्यमंत्री से लैपटॉप राशि का चेक प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वे लैपटॉप का उपयोग मुख्य रूप से अपनी पढ़ाई और शैक्षणिक सामग्री के लिए करेंगे। इससे उन्हें अध्ययन से संबंधित जानकारी और सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

स्टूडेंट्स बोलेः भविष्य में मदद मिल सकेगी

विद्यार्थियों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे लैपटॉप का उपयोग सोशल मीडिया पर समय व्यतीत करने के बजाय अपनी पढ़ाई और भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए करेंगे। उनका मानना था कि लैपटॉप मिलने से उन्हें आगे की पढ़ाई में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी और वे डिजिटल माध्यम से शिक्षा को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे।

5.6 किलो गांजा रखने वाले आरोपी को 4 साल की सजा

विदिशा। गांजा तस्करी के मामले में विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा की अदालत ने आरोपी मुलायम रैकवार निवासी शेरपुरा को दोषी पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि 8 जून 2025 को कोतवाली थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक मलखान सिंह को सूचना मिली थी कि मेडिकल कॉलेज के पीछे एक व्यक्ति कपड़े के थैले में गांजा लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई। उसके कब्जे से कपड़े के थैले में 5 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना पूरी कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों, साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर अपराध प्रमाणित हुआ। न्यायालय ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

पूरनपुरा में रिहायशी मकान से 73.8 बल्क लीटर शराब बरामद, आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अवैध शराब की धरपकड़ के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

मुखबिर से सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने वार्ड 39 पूरनपुरा में कार्रवाई करते हुए एक रिहायशी मकान से बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी। जिला आबकारी अधिकारी विकास त्रिपाठी ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर पूरनपुरा क्षेत्र में विधिवत तलाशी की कार्रवाई की। तलाशी में गोलू यादव, पिता मोहर सिंह यादव उम्र 37 वर्ष निवासी पूरनपुरा के रिहायशी मकान से 240 पाव देशी शराब 170 पाव अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। जब्त की गई मदिरा की कुल मात्रा 73.8 बल्क लीटर है। आरोपी गोलू यादव को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजय इवने के साथ आरक्षक पवन गौर, राहुल राठौर, प्रमोद धुर्वे, आशीष कौरव एवं प्रीति परिहार का सराहनीय योगदान रहा।



80 हजार महीना खर्च फिर भी बेतवा घाटों पर गंदगी

नगरपालिका ठेकेदार को प्रतिमाह कर रही भुगतान, पर सफाई व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बेतवा नदी के घाटों की सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद आशीष माहेश्वरी ने नगरपालिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि घाटों की सफाई के नाम पर ठेकेदार को प्रतिमाह करीब 80 हजार रुपए का भुगतान किया जा रहा है, लेकिन सफाई व्यवस्था बदहाल है। घाटों पर कचरा, पॉलिथीन, पूजा सामग्री और बोतलें पड़ी हैं, जबकि सीढ़ियों पर काई जमने से श्रद्धालुओं के फिसलने का खतरा बना हुआ है। पर्वों पर हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने के बावजूद बैठने और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था नहीं है। कार्तिक माह में बड़ी संख्या में महिलाएं स्नान के लिए घाटों पर आती हैं। उन्होंने सफाई टेंडर व भुगतान की जांच, ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर नया टेंडर जारी करने तथा जॉब कार्ड व फोटो सहित साप्ताहिक रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। सुधार नहीं होने पर जनआंदोलन और नगरपालिका का पुतला दहन करने की चेतावनी दी।



भारतीय संविधान देश का सबसे बड़ा कानून, अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी करें पालनः न्यायाधीश आनंद गौतम

- छात्राओं को मौलिक अधिकार और सुरक्षा के उपाय बताए।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय कुरवाई में मंगलवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम रहे।

कार्यक्रम में अपर लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह दांगी और अधिवक्ता असद नवेद मौजूद रहे। न्यायाधीश गौतम ने छात्राओं को संविधान, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने निजता के अधिकार, उपभोक्ता अधिकार, पक्के बिल की आवश्यकता तथा गारंटी-वारंटी के अंतर को समझाया। उन्होंने गिरफ्तारी के दौरान नागरिकों को प्राप्त कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी। छात्राओं को सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा ओटीपी व पासवर्ड साझा नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी। कार्यक्रम में कानूनी स्वयंसेवकों फैसल खान, प्रियांश राय और साहिब खान का सहयोग रहा।



नटेरन, बासौदा और कुरवाई में लीज पर दी जाएगी सरकारी जमीन

धान और गेहूं की नरवाई से बनाएंगे बायो फ्यूल

मक्का, धान, गेहूं सहित अन्य फसलों के अवशेषों का उपयोग कर बायोगैस और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में फसल अवशेष यानी नरवाई जलाने की समस्या को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। शासन की बायोफ्यूल नीति के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा इन प्लांटों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए जिले के नटेरन, बासौदा और कुरवाई क्षेत्र में शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक विकासखंड में करीब 15 से 20 एकड़ शासकीय भूमि चिन्हित कर आईओसीएल को लंबी अवधि के लिए लीज पर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जा रही है। प्लांट के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध होने के बाद कंपनी द्वारा आसपास के गांवों के किसानों से फसल अवशेष एकत्र किए जाएंगे। इन प्लांटों में मक्का, धान, गेहूं सहित अन्य फसलों के अवशेषों का उपयोग कर बायोगैस और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इससे किसानों को नरवाई जलाने के बजाय फसल अवशेष का बेहतर प्रबंधन करने का विकल्प मिलेगा। साथ ही नरवाई से होने वाले प्रदूषण और खेतों की मिट्टी को होने वाले नुकसान को भी कम किया जा सकेगा।

नरवाई जलाने से मिट्टी को होता है नुकसान

जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं में वृद्धि से खेतों की मिट्टी में मौजूद लाभदायक सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। सीबीजी प्लांट के माध्यम से फसल अवशेष का उपयोग उत्पाद बनाने में किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए निर्देश सीबीजी प्लांट की स्थापना को लेकर मंगलवार को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला प्रशासन और आईओसीएल के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने विदिशा में सीबीजी प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। प्लांट शुरू होने के बाद किसानों को नरवाई के बदले आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। इससे किसान फसल अवशेष का प्रबंधन कर ऊर्जादाता बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6175
सरसों
न्यूनतम भाव-6950
उच्चतम भाव-7721
चना
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-6250
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7600
शरबती
न्यूनतम भाव-3650
उच्चतम भाव-3650
गेंहू
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-3100
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2579
उच्चतम भाव-2672
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2301
उच्चतम भाव-2960
मटर
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-3100
मूंग
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-7430
धान
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3100
धनिया
न्यूनतम भाव-13000
उच्चतम भाव-13200

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 4015 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

रैली के बाद नपा अमले ने की साफ-सफाई



गंजबासौदा। नगर में मंगलवार को आयोजित ड्रग्स नशामुक्त जनजागरूकता रैली के समापन के बाद नगर पालिका के सफाई अमले ने तत्परता दिखाते हुए रैली मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान चलाया। नपा कर्मचारियों ने रैली के दौरान फैले पानी पाउच, बोतल, कागज, पंपलेट एवं अन्य कचरे को एकत्र कर मार्ग को साफ-सुथरा किया। गौरतलब है कि नगर में नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नशामुक्ति रैली आयोजित की गई थी। रैली के बाद नगर पालिका अमले द्वारा की गई त्वरित साफ-सफाई से स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया। नगर पालिका द्वारा भी नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की जाती रही है।

विधिक जागरुकता शिविर में बंदियों को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को उपजेल में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश अवधेश गुप्ता, एडीजे एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जेएमएफसी पूजा गोले उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान न्यायाधीशों द्वारा बंदियों से संवाद कर उनकी व्यक्तिगत एवं कानूनी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। बंदियों को बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय पाने का अधिकार है तथा आर्थिक अथवा अन्य कारणों से अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिन बंदियों के पास अपने प्रकरण की पैरवी के लिए अधिवक्ता उपलब्ध नहीं थे, उनके लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की गई। साथ ही बंदियों से उनकी समस्याएं पूछकर संबंधित मामलों में आवश्यक निराकरण की कार्रवाई के लिए



जानकारी ली गई। शिविर का उद्देश्य बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, न्यायिक प्रक्रिया तथा विधिक सहायता की सुविधाओं के प्रति जागरूक करना रहा। न्यायिक अधिकारियों ने बंदियों को कानून के प्रति जागरूक रहने और उपलब्ध विधिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उप जेल के जेलर आलोक कुमार भार्गव सहित जेल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के माध्यम से बंदियों को यह भरोसा दिलाया गया कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें नियमानुसार विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अकादमी के 32 खिलाड़ी संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विनर मार्शल आर्ट्स कराटे अकादमी कई वर्षों से कराटे में जिले का नाम रोशन कर रही है। इसी क्रम में अकादमी के 32 खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। श्रीमती रतन बाई जैन हाई स्कूल में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बासौदा ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर शिक्षक राजेन्द्र सिंह तोमर, अनय शर्मा, कुलदीप राजपूत उपस्थित रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव मयंक टांक, प्राचार्य बृजेश रिछारिया, जिला कराटे संघ के सचिव प्रेम रतन, स्कूल के खेल शिक्षक कृष्ण गोपाल जोगी, विनर कराटे अकादमी की कोच इशिका मैना, समस्त विद्यालय स्टाफ तथा खिलाड़ियों के माता-पिता एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। स्कूल परिवार ने चयनित खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन, प्रतिभा और निरंतर अभ्यास का यह परिणाम है।

राजनीतिक-सामाजिक संगठनों ने एक सुर में कहा....अब नशे की जड़ें उखाड़नी होंगी

नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरा 5 हजार आक्रोशितों का जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पिछले दिनों तीन युवाओं की नशे की गिरफ्त में आकर हुई असमय मौत ने जिस शहर को भीतर तक झकझोरा था, मंगलवार को उसी शहर ने नशे के खिलाफ अपने गुस्से और संकल्प को सड़कों पर उतार दिया। नशे के खिलाफ उठी इस चिंगारी नहीं यह संदेश दिया कि यह आक्रोश अब जन आंदोलन की आग बन चुका है। रेलवे स्टेशन से शुरू हुआ जनजागरण का कारवां करीब 4 किलोमीटर का सफर तय करते हुए सिरोंज चौराहा के बाराही पैलेस पहुंचा। जिसमें सबसे आगे संत थे, उनके पीछे बटुक, बच्चे, महिलाएं, युवा, व्यापारी, सामाजिक संगठन और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि। सबके हाथों में तख्तियां थीं और जुबान पर एक ही संदेश था नशा छोड़ो, जिंदगी चुनो। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों का एक मंच पर आना भी इस अभियान की व्यापकता का संकेत रहा। नशे के खिलाफ निकली जनजागरण रैली के समापन पर संतों ने उपस्थित जनसमूह को नशामुक्ति का सामूहिक संकल्प दिलाया।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह में नशे की गिरफ्त में आकर शहर के तीन युवाओं की असमय मौत ने परिवारों के साथ पूरे शहर को झकझोर दिया। इसके बाद नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज









उठनी शुरू हुई। धीरे-धीरे यह आवाज घरों से निकलकर मोहल्लों और फिर सड़कों तक पहुंची। घर-घर संपर्क, संवाद, बैठकों और जन जागरण के सिलसिले ने 1 सितंबर की रैली की जमीन तैयार की। हर वर्ग से लोगों को जोड़ने का प्रयास हुआ और अंततः मंगलवार को वही प्रयास हजारों लोगों की भागीदारी में बदल गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से रैली में शामिल होने की अपील की। समाजों की बैठकों से लेकर युवाओं के संवाद और नागरिकों के संपर्क तक अभियान चलता रहा। जिसका परिणाम यह निकला कि मंगलवार को आयोजित रैली में हर वर्ग ने बढ चढकर सहभागिता दिखाई।

सभी दलों के जनप्रतिनिधि और मातृशक्ति भी रहे रैली में शामिल

गंजबासौदा। मंगलवार को शाम 4 बजे नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ यह रैली रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक, जय स्तंभ चौक, हनुमान चौक, सावरकर चौक, जवाहर रोड होते हुए सिरोंज चौराहा वाराही पैलेस पहुंची। जहाँ संत समाज ने सभा को संबोधित किया। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन का वाचन हुआ और प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के लिए प्रतिलिपि के रूप में उल्लेखित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। इसमें गंजबासौदा और आसपास के क्षेत्रों में ड्रग्स एवं अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में नशे के कारोबार के पूरे नेटवर्क की पहचान, विशेष पुलिस दल का गठन, मुख्य तस्करों पर कठोर कार्रवाई, स्कूल, कॉलेजों के आसपास निगरानी बढाने और नगर में शासकीय नशामुक्ति केंद्र की स्थापना करने सहित कई मांगें रखी गईं। नागरिकों ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य की लड़ाई है। रैली में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, राजेश तिवारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, विकास शर्मा, राजेश माहेश्वरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में मातृशक्ति, युवतियां, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पुलिस की कार्रवाई से आंदोलन को मिला बल

गंजबासौदा। रैली से एक दिन पहले पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई को भी शहरवासी इस आंदोलन के प्रभाव से जोड़कर देख रहे हैं। पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक मादक पदार्थ कारोबारियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में नशीली सामग्री जब्त की। हांलाकि इस कार्रवाई में कई बडे मुख्य कारोबारी पकड से बाहर रहे। लोगों ने मांग कि यह कार्रवाई लगातार चले और नशे के छोटे कारोबारियों के साथ पुलिस पूरे नेटवर्क तक पहुंचे।

संतों ने संभाली कमान, बदल गया आंदोलन का स्वर

गंजबासौदा। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज, गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी, मूड़रीधाम के महंत परशुराम दास महाराज, वेदांत आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज, पंडित केशव शास्त्री, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री एवं भगवान प्रसाद शास्त्री सहित धर्मपीठ के कई विद्वानों ने खुलकर इस अभियान को समर्थन दिया। आंदोलन के दौरान संतों ने शहरवासियों के साथ कदम से कदम मिलाकर संदेश दिया कि समाज को बचाने की लड़ाई में धर्म और समाज अलग-अलग नहीं रह सकते। संतों की अगुवाई में निकले कारवां ने एक संदेश और दिया कि जब धर्म किसी कार्य की कमान संभालता है तो अधर्म के खिलाफ संघर्ष को नई शक्ति मिलती है। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों स्वयंसेवकों के साथ वेदांत आश्रम के बटुक अभियान का हिस्सा बने। महिलाएं भी ने अपने जरूरी काम छोड़कर इस मुहिम में शामिल हुईं। युवाओं ने नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की तो व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

डामरीकरण की मांग को लेकर दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद सैयद जोहेब हसन, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद राहुल ठाकुर ने नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव को एक आवेदन सौंपा। जिसमें सिरोंज चौराहा से लेकर गांधी चौक एवं जैन चैत्यालय तक के मार्ग पर डामरीकरण कराने एवं रामजानकी मंदिर के सामने चौक पर पत्थर ब्लॉक लगवाने की मांग की गई। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि नगरवासियों और वार्डवासियों की यह बहुत पुरानी मांग है जिससे मंदिर एवं चैत्यालय आने जाने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को काफी सुविधा होगी एवं ब्लाक लगने से चौक की सुंदरता भी बढ जाऐगी।

दुग्ध उत्पादकों ने की दूध दाम बढ़ोतरी की मांग, ज्ञापन में बताई परेशानी



गंजबासौदा। मंगलवार दोपहर के समय दुग्ध संघ, दूध विक्रेता और दूध उत्पादक सदस्यों ने तहसील परिसर पहुंचकर तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बढ़ती महंगाई और दूध उत्पादन की लागत में वृद्धि के कारण दूध के दाम में प्रति लीटर 10 रुपए की बढ़ोतरी की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि वर्तमान में लगातार महंगाई बढ़ रही है, लेकिन दूध उत्पादकों को उनके दूध का उचित दाम नहीं मिल रहा है। इसके चलते वे परेशान हैं। उन्होंने कहा कि मवेशियों को चारा खिलाना महंगा हो गया है और मवेशियों की खरीद के भाव भी लगातार बढ़ रहे हैं। दूध उत्पादक और विक्रेता घर-घर जाकर दूध पहुंचाने का काम करते हैं, जिसमें उनके वाहन का खर्च भी अधिक होता है। कुछ दिन पूर्व दूध विक्रेताओं ने अपने संगठन का गठन किया था। संगठन के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि प्रति लीटर दूध के भाव में 10 रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी। इस निर्णय से प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया। संगठन के अध्यक्ष संजू यादव का कहना है कि लगातार महंगाई के बावजूद दूध के भाव नहीं बढ़े हैं। इसी कारण दूध के भाव बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि दुग्ध विक्रेता संघ को आर्थिक संकट से न जूझना पड़े। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से दूध के भाव बढ़ाए जाने पर सहमति देने का आग्रह किया।

यातायात पुलिस और नपा अमले ने की संयुक्त कार्रवाई

यातायात व्यवस्था सुधारने सड़क से हटाए वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार दोपहर के समय सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 36 वाहन हटाए हैं। इन वाहनों को यातायात पुलिस चौकी और शहर थाना परिसर में रखा गया है। अभियान मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे नगर पालिका मार्ग से शुरू हुआ। इसके बाद अस्पताल परिसर, जय स्तंभ चौराहा और रेलवे स्टेशन रोड पर भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस और नगर पालिका के अधिकारी पैदल क्षेत्र में पहुंचे। सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े वाहनों को नगर पालिका की ट्रैक्टर-ट्रॉली में उठाकर रखा गया और कुछ वाहन यातायात पुलिस चौकी और कुछ शहर थाना परिसर में उतारे गए। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि 36 वाहन सड़क किनारे से हटाए गए एवं वाहन चालकों से 9800 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा ने बताया कि अभियान अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए चलाया गया है। यातायात पुलिस वैधानिक कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल रही है।

न्याय की मांग को लेकर जय स्तंभ चौक पर जलाई केंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पिछले दिनों बरेठ रोड निवासी सुभि रघुवंशी की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर बीती शाम उसके परिजनों ने जयस्तंभ चौक पर कैंडल जलाकर प्रदर्शन किया और पुलिस को इस मामले में शीघ्र एवं न्यायोचित कार्रवाई करने के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि मेवली निवासी कृषक जसवंत सिंह रघुवंशी की पुत्री शुभि ने वर्ष 2018 में अमित रघुवंशी नामक युवक से विवाह किया था। विवाह के बाद से ही अमित और उसके परिजन शुभि को दहेज के लिए तरह तरह से प्रताडित कर रहे थे। जिस कारण पिछले दिनों उनकी पुत्री की मौत हो गई है। शुभि की मौत के बाद परिजन उसके पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग कर रहे थे। एसडीओपी शिखा भलावी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि स्व शुभी रघुवंशी कि हत्या के संबंध में उसके पति अमित रघुवंशी सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ प्रकरण



दर्ज कर न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि विवाह के एक वर्ष बाद तक अमित रघुवंशी ने शुभि को अच्छे से रखा एवं देखभाल करता था। लेकिन लॉक डाउन के समय से ही प्रार्थी की पुत्री से आर्थिक रुपयों की मांग करते हुए उसे प्रताडित किया जाने लगा। ज्ञापन में कहा गया है कि समस्त षडयंत्रकर्ता शहर छोड़ कर बाहर भागने की फिराक में है किसी भी वक़्त पुलिस को चकमा देकर शहर छोड़ कर भाग सकते है। जिससे प्रार्थी न्याय पाने से वंचित रह सकता है। इसलिए इस मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए।

ट्रेन की चपेट में आया युवक

गंजबासौदा। मंगलवार की शाम एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसके पैर कट गए। घटना के बाद युवक को गंभीर हालत में शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि मंडी बामोरा निवासी सुरजीत पटरी पार कर रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसके पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

बहुद्देशीय प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कुल्हार
पंजीयन क्र 298/11.01.1963 **दिनांक 20.08.2026**
आम सभा सूचना
बहुद्देशीय प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति कुल्हार के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 09/09/2026 दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे समिति गोदाम भवन कुल्हार पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
सतीश चौधरी — गनेशराम श्रीवास्तव

बहुद्देशीय प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बड़वासा
पंजीयन क्र 14349/30.03.1966 **दिनांक 20.08.2026**
आम सभा सूचना
बहुद्देशीय प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति बड़वासा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 09/09/2026 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन किसनोदा पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
सतीश चौधरी — अंगद सिंह दांगी

शासकीय कन्या हाई स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित



सिरोंज। शासकीय कन्या हाई स्कूल नयापुरा में तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। शिविर के दौरान न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने छात्राओं को कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम, साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा विधिक सहायता सहित विभिन्न कानूनी विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही छात्राओं के साथ संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं और सवालों का समाधान भी किया। कार्यक्रम में पीएलवी समीर कुरैशी ने भी छात्राओं को विधिक जानकारी प्रदान करते हुए कानून के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध विधिक सहायता का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। शिविर का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

विवेक साहू जिला मीडिया प्रभारी बने

गढाकोटा। पूर्व मंत्री एवं विधायक पं. गोपाल भार्गव की अनुशंसा पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष भरत चौरसिया ने विवेक साहू को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। पार्टी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाने तथा सरकार पार्टी और योजनाओं के प्रचार प्रसार की बड़ी जिम्मेदारी निभाने में महत्वपूर्ण पद में मीडिया प्रभारी का होता है । एवं विवेक साहू 7 बार से नगर मंडल में मीडिया प्रभारी का दायित्व निभाते आ रहे हैं। एवं महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति सदस्य भी रह चुके है। इनकी नियुक्ति पर सभी ने खुशी जाहिर की ।

गोगा जी महाराज की भक्ति में झूम उठा सिरोंज, निकली भव्य छड़ी निशान यात्रा

डीजे की धुन पर थिरके युवा, भगवान राम-सीता की झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

गोगा जी महाराज निशान छड़ी महोत्सव के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी नगर में भव्य छड़ी निशान चल समारोह निकाला गया। धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता से सराबोर इस चल समारोह में सिरोंज सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। भव्य छड़ी यात्रा के दौरान पूरा नगर गोगा जी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। डीजे एवं विभिन्न वाद्य यंत्रों की धुन पर युवा जमकर थिरकते हुए यात्रा में आगे बढ़ रहे थे। छड़ी निशान यात्रा का शुभारंभ नगर के छत्री नाका चौराहा से किया गया। यहां से यात्रा कस्टम पथ, कठाली बाजार, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक, राज बाजार, कोट गेट, नगर पालिका होते हुए नया बस स्टैंड पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान मार्ग में बड़ी संख्या में समाजजन और नगरवासी मौजूद रहे।



आकर्षण का केंद्र रहीं भगवान राम-सीता की झांकियां

चल समारोह में धार्मिक झांकियों ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। यात्रा में भगवान राम-सीता की आकर्षक झांकियां तथा भगवान राम की प्रतिमा वाला भव्य रथ भी शामिल रहा। झांकियों को देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा रही। श्रद्धालुओं ने धार्मिक झांकियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। यात्रा की अगवानी डीजे सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ की जा रही थी। जैसे-जैसे यात्रा नगर के प्रमुख बाजारों से होकर आगे बढ़ी, वैसे-वैसे इसमें शामिल समाजजनों की संख्या भी बढ़ती गई। डीजे की धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण धुनों पर युवा नृत्य करते हुए चल रहे थे। वहीं समाज के बुजुर्ग और महिलाएं भी बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल रहीं।

पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

वाल्मीकि समाज की छड़ी निशान यात्रा का नगरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की तथा गोगा जी महाराज के निशान का पूजन कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। नगर के मुख्य बाजार में यात्रा के पहुंचने पर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कई स्थानों पर लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए स्वागत एवं सेवा की व्यवस्थाएं भी कीं। छड़ी निशान यात्रा में सिरोंज के अलावा आसपास के शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग पहुंचे। हजारों की संख्या में समाजजन के शामिल होने से नगर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। यात्रा के दौरान समाज की एकजुटता और धार्मिक आस्था का भी परिचय देखने को मिला।

12 अगस्त को हुई थी छड़ी निशान की स्थापना

वाल्मीकि समाजजनों से मिली जानकारी के अनुसार 12 अगस्त को श्री गोगा देव जी की छड़ी निशान की स्थापना की गई थी। इसके बाद से लगातार छड़ी निशान की पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव के दौरान समाजजनों द्वारा विधि-विधान से गोगा जी महाराज की आराधना की जा रही है। समाजजनों के अनुसार गोगादेव जी महाराज को भगवान शिव का भक्त और गुरु गोरखनाथ का शिष्य माना जाता है। वाल्मीकि समाज में गोगा जी महाराज के प्रति विशेष आस्था है और बड़ी संख्या में समाजजन उन्हें अपना आराध्य मानकर पूजा-अर्चना करते हैं। इसी धार्मिक आस्था और परंपरा के चलते प्रतिवर्ष छड़ी निशान महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

5 सितंबर को होगा समापन

वाल्मीकि समाजजनों ने बताया कि छड़ी निशान महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक गतिविधियां एवं पूजा-अर्चना लगातार जारी हैं। 5 सितंबर को छड़ी निशान महोत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा। समापन अवसर पर भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भव्य छड़ी निशान यात्रा के दौरान जिस तरह से समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर भागीदारी की, उससे नगर में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का संदेश भी देखने को मिला।

कांग्रेस नेता अरविन्द नगीना ने किया आयोजन

भुजरिया मिलन समारोह में दिखी सामाजिक सौहार्द की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भुजरिया पर्व के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविन्द नगीना द्वारा भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शामिल होकर एक-दूसरे को भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सौहार्द का संदेश देखने को मिला। भुजरिया मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवध शर्मा, अशोक यादव, सुरेन्द्र रघुवंशी, अंसार अहमद, सुरेश यादव, सैफू गौरी, अर्जुन राजपूत सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे से भुजरिया मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। समारोह में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व और त्योहार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये समाज को जोड़ने और आपसी प्रेम एवं भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। भुजरिया पर्व भी इसी सामाजिक एकता और सद्भाव की परंपरा का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से लोगों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ता है और नई पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

त्योहारों से मजबूत होती है सामाजिक एकता

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवध शर्मा ने कहा कि भुजरिया मिलन समारोह जैसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का काम करते हैं। हमारे त्योहार और परंपराएं सभी को एक साथ जोड़ने का संदेश देती हैं। सिरोंज की पहचान हमेशा से सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे के लिए रही है। हमें मिल-जुलकर इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन सामाजिक रिश्ते और भाईचारा हमेशा कायम रहना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आयोजनकर्ता अरविन्द नगीना को भुजरिया मिलन समारोह आयोजित करने पर शुभकामनाएं दीं।

न्यायालय परिसर में हुआ सम्मान समारोह

39 वर्षों की शासकीय सेवा के बाद सुरेश रैकवार सेवानिवृत्त

सिरोंज। सिविल न्यायालय सिरोंज में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं आदेशिका वाहक सुरेश रैकवार के 39 वर्षों की दीर्घ शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर न्यायालय परिसर में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर न्यायालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिजनों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके सेवाकाल की सराहना की। समारोह में द्वितीय जिला न्यायाधीश विजय कुमार पांडे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सुश्री प्रियंका कुशवाह, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सुश्री ज्योति फुस्केले, एडीपीओ मोहित सिंह सहित न्यायालय के समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुरेश रैकवार के परिवारजन एवं रिश्तेदार भी शामिल हुए। इस दौरान न्यायालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरेश रैकवार के 39 वर्षों के सेवाकाल को याद करते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कार्यों की प्रशंसा की। वक्ताओं ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन नायब नाजिर अमित चौबे द्वारा किया गया। समारोह के दौरान सुरेश रैकवार को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह एवं शुभकामनाएं दी गईं। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माहौल भावुक भी रहा और सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए सेवाकाल के अनुभव साझा किए।



लंबे समय से फरार चल रहे 2 स्थाई वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में सिरोंज पुलिस को सफलता


हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिरोंज पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी अनुसार 2020 के मामले में फरार महिला को गिरफ्तार किया गया। थाना सिरोंज के अपराध क्रमांक 505/2020, धारा 294, 324, 34 भादवि के प्रकरण में स्थाई वारंटी शांति बाई पत्नी बिहारी लाल, निवासी देवी टोरी, थाना सिरोंज लंबे समय से फरार चल रही थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार पतारसी एवं तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने प्रयास करते हुए उसे गिरफ्तार किया और विधिवत न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल दाखिल किया गया।



इसी प्रकार थाना सिरोंज के अपराध क्रमांक 294/2018, धारा 324 भादवि एवं 3(1) एससी/एसटी एक्ट तथा माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 18/19 में स्थाई वारंटी वकील पिता यासीन खान, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम तरबरिया, थाना सिरोंज पिछले करीब सात वर्षों से फरार चल रहा था। स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान 31 अगस्त 2026 को पुलिस ने आरोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दोनों मामलों में की गई कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिरोंज श्रीमती सोनू डाबर के मार्गदर्शन में थाना सिरोंज पुलिस द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक रीना खींची, आत्माराम भिलाला, रविन्द्र तोमर, जितेंद्र शर्मा, आरक्षक अरुण कुमार, संजय जाट, वीरेंद्र धाकड़ एवं टीकम यादव की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

उप जेल में हुआ रक्षाबंधन कार्यक्रम, ब्रह्मकुमारी बहनों ने कैदियों को बांधी राखी



बरेली। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की उप जेल पहुंची जहां निरूध कैदियों के साथ जेल के पहरियों को राखी बांधी गई। बीके जयंती दीदी ने कहा कि बहन भाई को तिलक करती है यह आत्म स्मृति का तिलक राखी पवित्र बंधन है। बहन भाइयों कलाईयो पर रक्षा सूत्र बांधकर मंगल की कामना करती है।

स्वरक्षक बनते हैं...

जयंती दीदी ने कहा कि भाई जहां भी रहे खुश रहे स्वस्थ रहे भाई भी बहन से वादा करता है कि हमेशा रक्षा करेगा। आपदा वीपदा में लोग ईश्वर को पुकारते हैं प्रभु रक्षा करो। रक्षाबंधन पर्व संदेश देता है कि बाणी कर्म से पवित्र बनने पर खुद ही स्वरक्षक बनते हैं। ईश्वरीय रक्षा सूत्र बाधते हुए उपहार में एक-एक बुराई को जड़ से समाप्त करने की प्रतिज्ञा की गई। ईश्वरीय प्रसाद और वरदान स्वरुप कार्ड भी वितरित किए गए।

राज्य मंत्री पटेल ने लाडली बहनों को दिए उपहार

रक्षाबंधन महोत्सव में मंत्री नरेंद्र ने फूलों की बारिश कर बहनों का किया आत्मीय स्वागत

बरेली। नगर के मानस भवन में रक्षाबंधन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री और उदयपुरा विधानसभा के विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल ने लाड़ली बहनों से राखी बंधवाई। राखी बंधवाने के दौरान मंत्री पटेल ने बहनों के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।



इस आत्मीय अवसर पर लाड़ली बहनों ने मंत्री पटेल की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की भावनाओं को मजबूत किया।कार्यक्रम के दौरान मंत्री पटेल ने फूलो की बरसाकर लाड़ली बहनों का भव्य स्वागत किया। मानस भवन का परिसर भाई-बहन के स्नेह और उत्साह से सराबोर नजर आया। बहनों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

सुरक्षा का संकल्प-मंत्री पटेल ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प का पर्व है। लाड़ली बहनों का स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत है। इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री पटेल ने सभी बहनों को उपहार मैं साड़ियां और मिठाई के डिब्बे बांटे और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रक्षाबंधन महोत्सव में नगर एवं क्षेत्र की सैकड़ो बहनों ने उपस्थित होकर सामाजिक समरसता और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की खूबसूरत मिसाल पेश की। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी अवनीश पालीवाल पार्षदो अधिकारियों एवं भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही।

आसमान से हटा बादलों का डेरा निकली धूप तो मिली राहत



बरेली। पिछले दिनों में रुक-रुक कर कभी तेज कभी रिमझिम बारिश से संपूर्ण क्षेत्र हीणता रहा। आसमान में बने रहने वाले बादल हटने से लंबे समय बाद निकली धूप से लोग राहत महसूस करते रहे। बारिश के असर से क्षेत्र के हजारों किसानों के चेहरे भी चमकने लगे हैं। जून और जुलाई में कम बारिश के कारण धान की रोपाई पर संकट बना रहा किसानों ने भारी हिम्मत कर धान की रोपाई की। अगस्त माह में अच्छी बारिश का मौसम बना कई कई दिनों तक संपूर्ण क्षेत्र में रुक-रुक कर रिमझिम और तेज बारिश से सबसे अधिक धान की फसलों को लाभ हुआ। बारिश होने से गिरा भूजल स्तर भी ऊपर आना शुरू हो गया है। धान की फसलों के लिए जरूरी नमी पानी और मौसम में ठंडक बनी रहने से फसलै चहकने और उम्दा स्थिति में हो रही है।

बारिश की कमी: पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष आधी भी बारिश नहीं हुई है। क्षेत्र में औसत बारिश न होने का असर नदी नालों के जल स्तर पर दिखाई दे रहा है। जैसे ही बारिश थमी सूरज निकलने के साथ सड़कों पर धूल भी उड़ाना शुरू हो गई है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री खूब सिंह पंथी पुत्र श्री खुमान सिंह पंथी निवासी मोहनगिरी गली नं. 01 विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 1325 वर्गफिट है जो कि आराजी क्रमांक 469/1/2/ड, वार्ड क्रमांक 34, हलाली कॉलोनी के पीछे, विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाएँ इस प्रकार हैं पूर्व में 25 फीट चौड़ा रोड़ पश्चिम में कुशवाह की भूमि उत्तर में कमलेश विश्वकर्मा का मकान दक्षिण में कॉमलबाई पंथी है जो उनके द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्री सीताराम धाकड़ पुत्र श्री कल्लू सिंह धाकड़ निवासी ग्राम वर्धा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के से ई-विक्रयपत्र क्रमांक MP452732020A1393995 दिनाँक 14-07-2020 को क्रय किया गया था । उक्त संपत्ति की लिंक डीड जो उसके पूर्व स्वामी श्री कल्लू हरिजन पुत्र श्री बुद्धा हरिजन निवासी ग्राम आमखेड़ा विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. ने उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्री पलाश अग्रवाल पुत्र श्री राकेश अग्रवाल निवासी हॉस्पिटल रोड़ विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. से ई-विक्रयपत्र क्रमांक MP452732015A1023209 दिनाँक 30-07-2015 को क्रय किया गया था उक्त मूल रजिस्ट्री कहीं खो गई है काफी तलाश करने पर भी वह नहीं मिल पा रही है। उक्त मकान पर श्री खूब सिंह पंथी पुत्र श्री खुमान सिंह पंथी निवासी मोहनगिरी गली नं. 01 विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या उक्त लिंक डीड रजिस्ट्री दिनाँक 30-07-2015 पर किसी भी प्रकार का कोई हक आदि हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मोबाईल नं. 9685965100

कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित - वर्धा
स्थान. महानीम चौराहा, रुसल्ली जोड़ विदिशा रोड़ शमशाबाद
वार्षिक आमसभा सूचना

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित वर्धा के समास्त सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 09/09/2026 दिन बुधवार को समय 11:30 बजे स्थान समिति कार्यालय भवन महानीम चौराहा, रूसल्ली जोड़ विदिशा रोड़ रामशाबाद पर रखी गई है। अतः समिति के समास्त सदस्यों से अनुरोध है। कि उक्त समय पर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें ।

अध्यक्ष
श्री खुमान सिंह यादव
मों : 9977149686

प्रबंधक
प्रसेन यादव
मों: 7999519210

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित विदिशा, जिला विदिशा

// सूचना //

श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित विदिशा, जिला विदिशा (पंजीयन क्र. 144587, दिनांक 15.01.2025) की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ विदिशा कार्यालय, विकासखण्ड विदिशा कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा की शाखा विदिशा के सूचना पटल पर दिनांक 01.09.2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 01.09.2026 से दिनांक 09.09.2026 तक सोसाइटी कार्यालय श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित विदिशा में प्रबंधक श्री मुकेश श्रीवास्तव को सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 10.09.2026 को दोपहर 2.00 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा ।

(मनोहर रजक), रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित विदिशा, जिला विदिशा

दीवार अंदर गिरती तो सो रहे दो भाइयों पर गिर सकता था मलबा

कच्चे मकान की दीवार गिरी, बाल-बाल बचे परिवार के लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत ग्राम दीवानगंज में मंगलवार को उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब बारेलाल शाक्या के कच्चे मकान की एक दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि दीवार मकान के अंदर की ओर गिरने के बजाय बाहर की तरफ गिरी, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। बताया गया कि घटना के समय बारेलाल शाक्या के दो पुत्र राजेश शाक्या और छोटे शाक्या मकान के अंदर सो रहे थे। अचानक दीवार गिरने की आवाज से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थिति देखी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दीवार बाहर की ओर गिरने के बजाय मकान के अंदर गिरती तो सो रहे दोनों भाइयों के ऊपर मलबा गिर सकता था और बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

बारिश में बढ़ जाता है कच्चे मकानों में खतरा

क्षेत्र में इन दिनों बारिश का दौर जारी है। लगातार नमी और पानी के कारण कच्चे मकानों की दीवारों की मिट्टी बैठने लगती है और उनकी मजबूती कम हो जाती है। ऐसे में पुरानी एवं कमजोर दीवारों के अचानक गिरने का खतरा बढ़ जाता है। दीवानगंज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई परिवार कच्चे मकानों में रह रहे हैं। दीवार गिरने की घटना के बाद परिवार में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से बारिश के दौरान कच्चे और जर्जर मकानों का सर्वे कराकर जरूरतमंद परिवारों की मदद करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। कच्चे मकान की दीवार गिरने के बाद परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे जर्जर और कच्चे मकानों का सर्वे कराकर जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

PRESTIGE COLLEGE OF PHARMACY
FACULTY REQUIRED FOR B.PHARM COURSE

DEPARTMENT	POST	NO. OF POSTS	QUALIFICATION & EXPERIENCE
PRINCIPAL/ HEAD	Professor	1	As per PCI Norms.
PHARMACEUTICS	Professor / Associate Professor	1	Ph.D. in Pharmaceutics with minimum First Class in B.Pharm & M.Pharm. As per PCI Norms.
	Assistant Professor	2	M.Pharm in Pharmaceutics As per PCI Norms.
PHARMACEUTICAL CHEMISTRY & ANALYSIS	Professor/ Associate Professor	1	Ph.D. in Pharmaceutical Chemistry with minimum First Class in B.Pharm & M.Pharm., As per PCI Norms.
	Assistant Professor	2	M.Pharm in Pharmaceutical Chemistry As per PCI Norms.
PHARMACOLOGY	Professor/ Associate Professor	1	Ph.D. in Pharmacology with minimum First Class in B.Pharm & M.Pharm. As per PCI Norms.
	Assistant Professor	1	M.Pharm in Pharmacology As per PCI Norms.
PHARMACOGNOSY	Professor/ Associate Professor	1	Ph.D. in Pharmacognosy with minimum First Class in B.Pharm & M.Pharm. As per PCI Norms.
	Assistant Professor	1	M.Pharm in Pharmacognosy As per PCI Norms.
PHARMACY PRACTICE	Assistant Professor	1	Pharm.D/M.Pharm (Pharmacy Practice) As per PCI Norms.

INTERVIEW:- DATE 05 September 2026
TIME 11:00 AM to 4:00 PM
Mail your cv- prestige.vidisha@gmail.com
+91 7587512000
07592-443751
PT.NO.4,NEAR RAILWAY STATION, BEHIND ARSH PALACE HOTEL, YUVRAJ CLUB ROAD, VIDISHA

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादन-परिवहन और बिक्री रोकने की मांग

जमनिया में अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीण हुए लामबंद, कलेक्टर को जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और पीडीएस दुकानों से घुना कंकड़ युक्त खाद्यान्न वितरण की प्रमुख शिकायतें लेकर पहुंचे आमजन। जनसुनवाई में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामलों की जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत सांची की ग्राम पंचायत जमनिया के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण और क्षेत्र में में अवैध शराब के बढ़ते कारोबार के विरोध में मंगलवार को दोपहर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने शराब बंदी की मांग को लेकर ठेकेदार पंकज उपाध्याय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के उत्पादन, परिवहन एवं बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में सरपंच प्रतिनिधि राकेश आदिवासी जमनिया सहित ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत जमनिया के कई क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर कार्रवाई किए जाने के बावजूद छोटे स्तर पर अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण और दलित आदिवासी क्षेत्रों के लोगों पर पड़ रहा है।

जनपद सदस्य गुलकेश लोधी ने बताया कि जिले में अवैध शराब का कारोबार लगातार चरम पर है। कई स्थानों पर खुलेआम शराब बेची जा रही है, जिससे युवा वर्ग बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की छिटपुट कार्रवाई का जमीनी स्तर पर ज्यादा असर दिखाई नहीं दे रहा है।ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखकर शराब माफिया के नेटवर्क को खत्म किया जाए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जमनिया के गांव में चार गांव जाने का रास्ता है। महिलाओं और स्कूली लड़कियां आती जाती हैं नशेड़ी उनको छेड़खानी करने से बाज नहीं आते। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। रसूखदार शराब ठेकेदार पंकज उपाध्याय केगुर्गे गांव गांव कमीशन एजेंटों के शराब अवैध शराब की पेटियां उनके ठिकानों पर रखवाकर धड़ल्ले से बिक्री करवा रहे हैं। ग्रामीण अवैध शराब बिक्री का विरोध करते हैं तो झूठे केस दर्ज करवाने की धमकी देता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणजन शराब ठेकेदार पंकज उपाध्याय के विरुद्ध आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। सड़कों पर उतरकर शराबबंदी को लेकर चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा।

किसानों से साफ सुथरा खरीदा जाने वाला अनाज राशन दुकान पहुंचने पर कैसे हो जाता है घटिया

जिले की राशन दुकानों में मिले अनाज को दिखाते हुए हितग्राहियों ने कहा कि अनाज में फफूंद मिली है। कंकड़, मिट्टी मिली हुई है। ऐसा अनाज दिया जा रहा है, जिसे जानवर भी न खाएं। यही हाल अन्य स्थानों की राशन दुकानों का है। सवाल उठता है कि जब शासन किसानों से साफ और कंकड़, मिट्टी रहित अनाज खरीदता है, तो राशन दुकानों में पहुंचते-पहुंचते मिलावटी कैसे हो जाता है। कैसे उसमें कंकड़, मिट्टी मिल जाती है। अनाज घटिया क्वालिटी का कैसे हो जाता है और फफूंद कैसे लग जाती है। देवरी से आए ग्रामीणों ने एडीएम मनोज उपाध्याय को आवेदन देकर की शिकायत।

कचरा साफ करने में अनाज कम हो जाता है

इधर कुछ बीपीएल कार्डधारी बताते हैं कि राशन दुकानों में मिलने वाले अनाज में कचरा अधिक होता है। मिट्टी, कंकड़ और फफूंद को साफ करने में अनाज कम हो जाता है। राशन दुकानों में कभी-कभी अच्छा अनाज मिलता है। लेकिन ज्यादातर खराब ही दिया जाता है। लोग मजबूरी में ले रहे हैं।

तौल में भी लगाए गड़बड़ी का आरोप

हितग्राही बताते हैं कि 5 किलो अनाज लेने में 100 से 200 ग्राम कम दिया जाता है। आपत्ति उठाने पर कार्ड रद्द करने की धमकी दे दी जाती है। अधिकांश राशन दुकान संचालक रसूखदार हैं, ज्यादातर नजदीकी से सत्ताधारी सरकार की नेतागिरी से जुड़े लोग हैं। इसलिए इनके खिलाफ लोग खुलकर शिकायत नहीं कर पाते हैं। राशन दुकानों की मॉनिटरिंग करने वाले खुद जांच करने के बजाय शिकायत मिलने का इंतजार करते हैं। शिकायत पर कई दुकानों में गड़बड़ी पाई जा चुकी है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी राशन दुकानों का औचक निरीक्षण नहीं करते, न ही हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं पूछते हैं।

घटिया खाद्यान्न की जांच तक नहीं होती

एमपी की सरकार खरीदी केंद्रों पर किसानों से अनाज खरीदती है। अगर अनाज में मिट्टी, कंकड़ या फफूंद मिला होता है तो खरीदी केंद्र वाले तत्काल रिजेक्ट कर देते हैं। खरीदी केंद्र वाले किसानों से अनाज साफ करके लाने के लिए कहते हैं। जब किसान साफ-सुथरा अनाज लाते हैं। तभी उनका अनाज खरीदा जाता है। लेकिन वही अनाज जब सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राशन दुकान में पहुंचता है, तो उसकी क्वालिटी बेहद खराब हो जाती है। इसमें कंकड़, मिट्टी और फफूंद मिल जाती है। आखिर यह खेल कहां हो रहा है। इसकी जांच तक नहीं होती है। इससे पता चलता है कि इस मिलावटखोरी में ऊपर से लेकर नीचे तक मिलीभगत है।

इनका कहना है...

ग्राम पंचायत जमनिया और कायमपुर के ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में शराब बंदी को लेकर उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इस पर संज्ञान लिया जा चुका है और हम गांव में गश्त शुरू करने जा रहे हैं।

डॉ शादाब अहमद खान, सहायक आबकारी आयुक्त

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

उत्तराखंड में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गए प्रकरण के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायसेन में विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी और शहर ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकालकर एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए उत्तराखंड सरकार के खिलाफ दर्ज प्रकरण को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और न्याय की रक्षा के लिए पार्टी लगातार संघर्ष करती रहेगी।

राष्ट्रपति से भी कार्रवाई की मांग

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन के जरिए राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर झूठे प्रकरण को जल्द वापस कराने की मांग की। प्रदर्शन में मनोज अग्रवाल, प्रवक्ता जावेद अहमद खान, हकीम उद्दीन मंसूरी, राजू माहेश्वरी, मजहर कबीर, जावेद कदीर, मलखान सिंह रावत, असलम खान, अकील इंडियन, संतोष शर्मा एडवोकेट, कामता प्रसाद राजोरिया, राजू बलवंत भदौरिया और प्रेम नारायण मीणा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेता प्रतिपक्ष चावला बोले- सच कहना भी गुनाह हो गया

मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस पार्षद प्रभात चावला ने केंद्र और उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अब सच कहना भी गुनाह बना दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष चावला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आमसभा के बाद भाजपा नेताओं द्वारा मंच को गंगाजल और पानी से झाड़ू लगाकर धुलवाना दलित समाज का सरासर अपमान है। भाजपा का दलित विरोधी मुखौटा सामने आ गया है।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब इस मामले को लेकर विरोध दर्ज करा रहे थे, तब उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है और भाजपा सरकारों का नेताओं का असली चेहरा चरित्र सामने आ गया है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मामले की निष्पक्ष जांच कर राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज कथित झूठे प्रकरण वापस लेने की मांग की।

नृत्य और नाट्य से जीवंत होगी अनकही श्रीकृष्ण कथा

जामगढ़ में गूंजेगा 'कृष्णायन' जहां श्रीकृष्ण-जामवंत के युद्ध की मान्यता



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/ बरेली

विंध्याचल की सुरम्य हरीभरी वादियों में स्थित जामगढ़ बुधवार को श्रीकृष्ण की भक्ति, संस्कृति और पौराणिक कथाओं के रंग में रंगने जा रहा है। जिस ऐतिहासिक जामगढ़ की जामवंत गुफा को भगवान श्रीकृष्ण, जामवंत और स्यमंतक मणि की पौराणिक कथा से जोड़ा जाता है। उसी ऐतिहासिक गुफा और धार्मिक महत्व वाले स्थल पर 2 सितंबर की शाम प्रदेश स्तरीय श्रीकृष्ण पर्व आयोजित होगा। कार्यक्रम में नृत्य, नाट्य और संगीतमयी प्रस्तुतियों के जरिए श्रीकृष्ण के जीवन के अनकहे प्रसंगों को मंच पर साकार किया जाएगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी। खास बात यह है कि आयोजन में आमजन का प्रवेश निशुल्क रहेगा।

जामवंत गुफा से जुड़ी है स्यमंतक मणि की कथा

रायसेन जिले की बरेली तहसील के जामगढ़ के निकट स्थित जामवंत गुफा की पहचान श्रीकृष्ण से जुड़ी लोक मान्यताओं के कारण विशेष है। पौराणिक मान्यता के अनुसार स्यमंतक मणि की खोज करते हुए भगवान श्रीकृष्ण का सामना यहीं जामवंत से हुआ था। दोनों के बीच लंबे समय तक युद्ध चला। अंततः जामवंत ने श्रीकृष्ण में अपने आराध्य भगवान श्री राम का स्वरूप पहचान लिया। इसके बाद उन्होंने स्यमंतक मणि श्रीकृष्ण को सौंप दी और अपनी पुत्री जाम्बवती का विवाह भी उनसे कराया। अब इसी पौराणिक कथा से जुड़े जामगढ़ में श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और उनकी लीलाओं को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने की तैयारी की गई है।

कृष्णायन में सुनाई जाएगी वो कथा, जो कभी कही नहीं गई

संस्कृति विभाग के संचालक एनपी नामदेव के अनुसार आयोजन का मुख्य आकर्षण 'कृष्णायन सुनो वो जो कभी कहा नहीं गया' शीर्षक से होने वाली श्रीकृष्ण केंद्रित संगीतमयी प्रस्तुति होगी। इसमें श्रीकृष्ण के जीवन के उन भावों और प्रसंगों को स्वर, संगीत और मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से सामने लाया जाएगा, जो उनकी विराट कथा में अक्सर अनकहे रह जाते हैं। इसके पहले श्रीकृष्ण केंद्रित महानाट्य का मंचन किया जाएगा। महानाट्य का निर्देशन उज्जैन के शिरीष राजपुरोहित ने किया है। कलाकार श्रीकृष्ण के जीवन, संघर्ष, प्रेम, नीति, दर्शन और विविध स्वरूपों को मंच पर जीवंत करेंगे।

झाड़ियों में मिला नवजात, रोने की आवाज सुन ग्रामीणों ने दी सूचना


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

लोक लाज के डर में एक मां द्वारा अपने नवजात शिशु को जंगल की झाड़ियों में लावारिस छोड़ देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंगलवार को बम्होरी थाना क्षेत्र के डोंगरिया गांव के जंगल में झाड़ियों के बीच नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहां नवजात को अकेला और लावारिस हालत में पड़ा देखकर लोगों ने तत्काल पुलिस, सिलवानी बीएमओ राजेंद्र पटेल और 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही बम्होरी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहीं सिलवानी बीएमओ राजेंद्र पटेल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम और 108 एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंची। नवजात को सुरक्षित जंगल से निकालकर तत्काल बम्होरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने नवजात का प्राथमिक उपचार किया। बीएमओ पटेल ने उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए दोपहर बाद उसे जिला अस्पताल रायसेन रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस के माध्यम से नवजात को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वर्तमान में एसएनसीयू में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ आलोक राय की देखरेख में उसका उपचार जारी है। डोंगरिया के जंगल में नवजात मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर चर्चा रही कि आखिर किस मजबूरी या लोकलाज के डर से नवजात शिशु को जंगल की झाड़ियों में छोड़ दिया गया। समय रहते ग्रामीणों की नजर पड़ने और रोने की आवाज सुनाई देने से उसकी जान बच गई।

प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर





मां-पिता की तलाश में जुटी बम्होरी पुलिस

बम्होरी थाना पुलिस अब नवजात को जंगल में छोड़ने वाले उसके माता-पिता की तलाश में जुट गई है। पुलिस आसपास के गांवों में जानकारी जुटाने के साथ ही संदिग्ध परिस्थितियों में प्रसव होने की जानकारी भी खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और नवजात को छोड़ने वालों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

खूनी संघर्षः बड़े भाई ने तवे से छोटे भाई का सिर फाड़ा

सलामतपुर। थाना क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में सोमवार की देर रात ज़मीन के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दशकों से चले आ रहे संपत्ति विवाद के बीच दो सगे भाई आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर पर लोहे के भारी तवे से दे मारा। सिर फटने से छोटा भाई लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी पर भी हमला किया गया, जिससे वह भी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, भगवंतपुर कॉलोनी निवासी मोकम सिंह बाल्मीकि के चार बेटे हैं। इनमें से दो भाई भोपाल में रहकर मजदूरी करते हैं, जबकि गंगाराम बाल्मीकि (30) और उसका बड़ा भाई रोहित बाल्मीकि गांव में ही अलग-अलग मकानों में रहकर खेती-बाड़ी संभालते हैं। गांव की एक सरकारी ज़मीन को जोतने और उस पर हिस्सेदारी को लेकर दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था।सोमवार रात इसी ज़मीन पर कब्ज़े की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट तक जा पहुंचा। गुस्से में बड़े भाई रोहित ने घर में रखा लोहे का तवा उठाकर गंगाराम के सिर पर हमला कर दिया।

बीच-बचाव करने आई पत्नी भी घायल

सांची अस्पताल में हुआ उपचार, पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल गंगाराम को तत्काल सांची सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। सिर में गंभीर चोट आने के कारण डॉक्टर उसकी हालत पर निगरानी बनाए हुए हैं। पीड़ित गंगाराम बाल्मीकि की शिकायत पर सलामतपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भाई रोहित बाल्मीकि के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2) और 351 (3) के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है।

इनका कहना है...

भगवंतपुर कॉलोनी में दो सगे भाइयों के बीच ज़मीन विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली थी। बड़े भाई के हमले से छोटा भाई घायल हुआ है। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की विवेचना जारी है।

श्यामराज सिंह सोमवंशी
थाना प्रभारी, सलामतपुर

बेगमगंज में वरिष्ठ कांग्रेसजनों, मीडियाकर्मियों का सम्मान हुआ



बेगमगंज। संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से बेगमगंज के इतिहास में पहली वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान समारोह जलाश गॉर्डन में पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा के मुख्य अत्थित, सिलवानी विधानसभा प्रभारी विजय सिंह लोधी राहतगढ़ एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक देवेंद्र पटेल के अत्थित तथा मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री राजेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसजन सम्मान समारोह में अतिथियों द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठजनों में प्रमुख रूप से पूर्व नपाध्यक्ष रमेश पराशर, चांद मियां एडवोकेट, संतोष कंडया, अख्तर लाला, लक्ष्मण पटेल, गोविंद पटेल, डॉ. जेपी पटेल, नरेंद्र जैन, प्रताप सिंह जाट, महेश शर्मा, मूरतसिंह ठाकुर एडवोकेट, रेहान नाग, ओपी त्रिवेदी एडवोकेट, अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट, सोहन लाल चतुर्वेदी ,मंशा राम पंथी पटवारी, हरिशंकर पटवारी, शिवनारायण निखरा, मान सिंह कुशवाहा, गोपाल सराठे , कन्हैया लाल साहू ज्योति, अकरम पटेल पार्षद सहित 350 वरिष्ठजनों एवं पत्रकारों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल रायसेन, विजय लोधी राहतगढ़, राजेंद्र सिंह तोमर, चांद मियां एडवोकेट, विधायक देवेंद्र पटेल एवं पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित कर नेताओं, कार्यकर्ताओं संगठन को मजबूती देने ओर जनविरोधी, युवा विरोधी भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया।

सागर-भोपाल हाईवे और मुख्य बाजार में 10 से 20 फीट तक पसरा अतिक्रमण

गैरतगंज बना 'अतिक्रमणगंज': बैठकों तक सिमटीं योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और अतिक्रमण हटाने के बड़े-बड़े दावे सिर्फ प्रशासनिक बैठकों के मंथन तक सीमित रह गए हैं। मुख्य बाजार से लेकर सागर-भोपाल हाईवे तक अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है, लेकिन नगर परिषद कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर रही है। त्योहार बीतने के बाद मुख्य बाजार में अतिक्रमण और तेजी से बढ़ गया है, जिससे नगर 'गैरतगंज' के बजाय 'अतिक्रमणगंज' में तब्दील होता नजर आ रहा है।

सड़क चौड़ीकरण के बाद मुख्य मार्ग के पास खाली पड़ी जगह पर दुकानदारों ने 10 से 20 फीट आगे तक सामान और काउंटर रखकर कब्जा कर लिया है। बस स्टैंड के पास स्थिति और भी विकराल है, जहाँ दुकानें सड़क तक आ पहुंची हैं। नगर में पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण वाहन आधे हाईवे तक खड़े रहते हैं। इसके अलावा सागर-भोपाल मार्ग पर कंडम वाहन और मैकेनिकों के वाहन खड़े रहने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

मॉनिटरिंग गायब, टीन शेड बने असामाजिक तत्वों का अड्डा

पूर्व में चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियानों की नियमित मॉनिटरिंग न होने से स्थिति दोबारा जस की तस हो गई है। बाजार में यातायात का दबाव कम करने के लिए नगर परिषद ने गेहूरास रोड पर लाखों की लागत से टीन शेड बनवाए थे, ताकि अस्थाई दुकानदारों को वहां शिफ्ट किया जा सके। लेकिन ठोस नीति के अभाव में यह जगह अब अवैध पार्किंग, शराबियों का अड्डा और रसूखदारों के कब्जे में आ चुकी है।



सौंदर्यीकरण पर अंधाधुंध खर्च, नतीजा शून्य

नगर परिषद गठन से लेकर आज तक किसी भी परिषद ने गेहूरास रोड, मुख्य बाजार या हाईवे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। चौराहों के सौंदर्यीकरण पर अंधाधुंध राशि खर्च की जा चुकी है, लेकिन जमीनी स्तर पर असर शून्य है। हाल ही में शिकायत के बाद सीएमओ राजेंद्र शर्मा ने दुकानदारों को समझाइश देकर खानापूर्ति कर ली, जिसका अतिक्रमणकारियों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। नगर परिषद केवल कागजी योजनाएं बनाने में व्यस्त है, जब तक स्थायी अतिक्रमण पर बुलडोजर नहीं चलेगा और नियमित मॉनिटरिंग नहीं होगी, तब तक गैरतगंज को जाम और अतिक्रमण से मुक्ति मिलना असंभव है।

इनका कहना है...

मामला संज्ञान में है। पुलिस के साथ मिलकर योजना बनाते हैं।

हर्षल चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी गैरतगंज